


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 20 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 197 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# एक और बस हादसा

## 20 की मौत, 30 से ज्यादा घायल, कई गंभीर

● पीएम ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों को दो लाख, घायलों को 50 हजार का मुआवजा

**उधमपुर/रामनगर।** उधमपुर जिले में जम्मू-श्रीनगर मार्ग पर एक यात्री बस खाई में गिरने से 20 लोगों की मौत हो गई और कई यात्री गंभीर रूप से घायल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। रामनगर-ऊधमपुर मार्ग पर सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग प्रारंभिक तौर पर बड़ा कारण बनकर सामने आई है। कघोटे इलाके में एक मोड़ पर अनियंत्रित होकर यात्री बस करीब 70 से 80 फीट गहरी खाई में गिर गई, जिसमें 20 से अधिक लोगों की मौत की अपुष्ट आशंका जताई जा रही है। वहीं 30 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। बस जेके 14 डी 2121 सुबह रामनगर से ऊधमपुर आ रही थी। बस में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे, जिनमें सरकारी कर्मचारी, स्कूल व कालेज के शिक्षक और विद्यार्थी शामिल बताए जा रहे हैं। सुबह 9:40 बजे बस चालक ने कघोट इलाके में मोड़ काटते समय बस से अपना नियंत्रण खो दिया। जिससे बस सड़क से 80 मीटर नीचे पलट कर उलटी होकर गिरी और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बस की धज्जियां बिखर गयीं। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोग तुरंत राहत कार्य में जुट गए।



## राष्ट्रपति भवन में कोरियाई मेहमानों का स्वागत, गांधी को श्रद्धांजलि




**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्यूंग भारत दौरे पर हैं। सोमवार को राष्ट्रपति भवन प्रांगण में उनका औपचारिक स्वागत किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण कोरिया से आए राजकीय मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके अलावा, कोरियाई राष्ट्रपति ली ने राजघाट जाकर पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

## सेंसेक्स 236 अंक से अधिक चढ़ा, निफ्टी 24400 के पार

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार में सोमवार को बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा। पहले प्री ओपनिंग की बढ़त गंवाकर सेंसेक्स में 200 अंक से अधिक की गिरावट थी, निफ्टी 24,300 से नीचे पहुंच गया था। इस दौरान एचडीएफसी बैंक और आरआईएल ने बाजार पर सबसे ज्यादा दबाव डाला। हालांकि, फिर बेंचमार्क सूचकांकों में खरीदारी लौटी और सूचकांक हरे निशान पर लौट आए। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 236.64 अंक चढ़कर 78,730.18 पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी 66.65 अंक बढ़कर 24,420.20 पर पहुंच गया। ट्रेंट और एसबीआई शीर्ष लाभ कमाने वाले शेयर रहे। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 19 पैसे बढ़कर 92.72 पर पहुंच गया।

## यूपी में पुराने मीटरों को प्रीपेड में बदलने पर लगी रोक




लखनऊ। प्रदेश सरकार ने स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को राहत देते हुए नई व्यवस्था लागू कर दी है। इसके तहत जहां स्मार्ट मीटर अभी हाल ही में लगे हैं, उन्हें 15 दिन की कन्वर्जन अवधि और उसके बाद 30 दिन यानी कुल 45 दिन तक उनका बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। वहीं, जीरो बैलेंस होने पर भी अधिकतम तीन दिन या 200 रुपये तक (दो किलोवाट भार तक) बिजली आपूर्ति जारी रहेगी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शक्ति भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर गठित तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को समय रहते सतर्क करने के लिए पांच-स्तरीय एसएमएस अलर्ट सिस्टम लागू किया जाएगा। इसमें बैलेंस 30 प्रतिशत होने, 10 प्रतिशत होने, बैलेंस खत्म होने, डिस्कनेक्शन से एक दिन पहले और डिस्कनेक्शन के बाद संदेश भेजे जाएंगे। साथ ही रविवार और अन्य अवकाश के दिन किसी भी स्थिति में कनेक्शन नहीं काटा जाएगा।

## दिल्ली से बिहार जा रही बस गोपालगंज में पलटी

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले में सिधवलिया थाना क्षेत्र के बरहिमा टोल प्लाजा के समीप एनएच-27 पर सोमवार की सुबह करीब 11 दिल्ली से छपरा जा रही एक यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। हादसे में बस में सवार दर्जनों यात्री घायल हो गए। जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं जेसीबी की मदद से बस को एनएच 27 के किनारे गड्ढे से बाहर निकाला जा रहा है। घायलों में विकास कुमार सहि-त सारण जिले के पानापुर गांव निवासी चंद्र प्रकाश 32 वर्ष, उनकी पत्नी प्रीति कुमारी 28 वर्ष और उनके छोटे बच्चे दिव्यांश कुमार 2 वर्ष एवं शिवांश कुमार 3 वर्ष शामिल हैं।

## डिजिटल अरेस्ट पर CJI ने जतायी चिंता

● RBI समेत सभी बैंकों को सख्त निर्देश




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट से जुड़ी बढ़ती ठगी की घटनाओं पर एक बार फिर गंभीर चिंता जताई है। सोमवार को सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि यह बेहद चौंकाने वाली और चिंताजनक स्थिति है कि अच्छी शिक्षा प्राप्त लोग भी इस तरह के साइबर अपराध का शिकार हो रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची भी शामिल थे, डिजिटल अरेस्ट पीड़ितों से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटारमानी ने अदालत को बताया कि इस मुद्दे पर लगातार बैठकें हो रही हैं और सरकार तेजी से आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने मामले को 12 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने एक बुजुर्ग महिला का मामला साझा किया, जिन्हें वह आधिकारिक तौर पर जानते हैं। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण रूप से महिला की पूरी रिटायरमेंट राशि साइबर ठगों ने हड़प ली।

## जग्गी हत्याकांड में अमित जोगी को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित एनसीपी नेता रामावतार जग्गी हत्या मामले उम्रकैद की सजा पाए अमित योगी को सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल राहत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस विक्रमनाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ 23 अप्रैल को सुनवाई करेगी। अमित जोगी ने गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की है।

## कर्नाटक के हावेरी में तोड़ी गई गांधी की प्रतिमा

● दोषियों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**हावेरी।** कर्नाटक के हावेरी शहर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है, जिससे इलाके में नाराजगी का माहौल बन गया है। यह घटना महात्मा गांधी रोड पर हुई, जहां कुछ अज्ञात लोगों ने रात के समय गांधी जी की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही हावेरी की एसपी यशोदा वंतगोडी और शहर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले का निरीक्षण किया। पुलिस ने करीब 2 फीट ऊंची इस क्षतिग्रस्त प्रतिमा को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंचा दिया है, ताकि आगे की जांच की जा सके। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## पटना में एनडीए की महिला ब्रिगेड ने विपक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा

**पटना।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा में पारित नहीं होने पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की महिला ब्रिगेड ने विपक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पटना में एनडीए की महिला मोर्चा की सदस्य सड़कों पर उतरी हैं। पटना के गांधी मैदान स्थित कारगिल चौक पर हजारों की संख्या में महिलाएं प्रदर्शन में जुटी हैं। महिलाओं के हाथों में तख्ती है। इनमें पोस्टर लगा है। इस पर लिखा है कि 'नारी शक्ति की झूठी कहानी, कांग्रेस की आदत पुरानी'। विपक्ष देश की महिलाओं का हक छीन नहीं सकती है। इसे महिलाएं लेकर रहेंगी।

## याची को फटकार के साथ आजाद हिंद फौज से जुड़ी याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज से जुड़ी एक जनहित याचिका को खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि बार बार एक जैसी याचिका दायर कर अदालत का समय बर्बाद न करें। याचिका पिनाकपाणि मोहंती नाम के व्यक्ति ने दाखिल की थी। याचिका में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को भारत की आजादी का मुख्य नायक घोषित करने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्य बागची की बेंच ने कहा कि यह याचिका सिर्फ पब्लिसिटी पाने का एक जरिया लगती है। कोर्ट कहा कि इसी याचिकाकर्ता ने पहले भी ऐसी ही मांग के साथ याचिका दाखिल की थी जिसे खारिज कर दिया गया था। बार बार एक ही बात कोर्ट में लाने पर बेंच ने नाराजगी जाहिर की। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए याचिकाकर्ता को चेतावनी देते हुए कहा, 'सुप्रीम कोर्ट में एंट्री बंद कर देंगे।' कोर्ट ने याचिकाकर्ता पिनाकपाणी मोहंती द्वारा दायर इस याचिका को खारिज कर दिया।




## अमेरिका ने पकड़ लिया ईरानी जहाज

### होर्मुज स्ट्रेट पार कर जा रहा था चीन

● ईरान ने कहा-ये सीजफायर का उल्लंघन है जल्दी ही जवाब देंगे

**वॉशिंगटन डीसी/तेहरान।** अमेरिका ने ईरान के एक मालवाहक जहाज को अपने कब्जे में ले लिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प के मुताबिक टॉस्का नामक यह जहाज होर्मुज स्ट्रेट को पार करने की कोशिश कर रहा था। इसे अमेरिकी डेस्ट्रॉयर USS स्प्रूअन्स ने रोका। ट्रम्प के मुताबिक, जहाज ने चेतावनियों को नजरअंदाज किया, जिसके बाद अमेरिकी मरीन ने उसे रोक लिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'इस वक्त जहाज हमारे कब्जे में है। हम पूरी तरह इसे कंट्रोल में लेकर देख रहे हैं कि इसके अंदर क्या है।' दूसरी तरफ, ईरान के हजरत खातम अल-अनबिया सैन्य मुख्यालय ने कहा कि अमेरिका ने सीजफायर का उल्लंघन किया और ओमान की खाड़ी में ईरान के एक व्यापारिक जहाज पर फायरिंग की, जिससे उसका नेविगेशन सिस्टम खराब हो गया। तस्नीम मीडिया के मुताबिक यह जहाज चीन से ईरान जा रहा था। ईरान ने इसे समुद्री डकैती करार दिया और कहा कि वे जल्द इसका जवाब देंगे।



## एयरफोर्स के विमान की हार्ड लैंडिंग, घंटों बंद रहा रनवे

**पुणे।** पुणे एयरपोर्ट का रनवे शुक्रवार देर रात एक IAF विमान की हार्ड लैंडिंग के बाद अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। इस घटना के कारण एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन 8 घंटे तक प्रभावित रहा। सुरक्षा कारणों से रनवे को तुरंत बंद करना पड़ा। विमान का क्रू सुरक्षित है। किसी भी संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन सुबह 7.30 बजे के बाद नॉर्मल हो सका। 5 एयरलाइंस की 91 फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ी थीं। कैंसिल होने वाली फ्लाट्स में इंडिगो की 65, एअर इंडिया की 6, स्पाइसजेट की 5, अकासा एयर की 5, एअर इंडिया की 10 फ्लाइट्स शामिल थीं।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 43.0°C
● तापमान न्यूनतम : 23.4°C
● सूर्योदय : 05.33
● सूर्यास्त : 06.22
वाराणसी, 20 अप्रैल, सोमवार, 2026 (3)







# अक्षय फल के लिए स्नान-दान

## उदया तिथि का मान होने से आज भी मनायी गयी अक्षय तृतीया



**● सुबह से घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, बाजारों में भी बढ़ी रौनक**

**वाराणसी।** अक्षय तृतीया की तिथि रविवार की दोपहर में ही लग गई लेकिन उदया तिथि का मान होने से अक्षय तृतीया सोमवार यानी आज मनाई जा रही है। हालांकि, कुछ लोगों ने तिथि की शुरुआत होने पर ही बटुकों का उपनयन संस्कार, पूजन अर्चन और खरीदारी की। इस बार इस तिथि पर 10 साल बाद नौ योग और पांच शुभ मुहूर्त में अक्षय फल बरस रहा है। श्रद्धालु सोमवार की सुबह से काशी के गंगा घाटों पर उमड़ने लगे। इस दौरान लोगों ने गंगा स्नान और दान-पुण्य किया। ऐसे में आज शुभ कार्य की शुरुआत, मांगलिक कार्य और शादियों की धूम मची है। अक्षय फल के लिए भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा की जा रही है। घरेलू सामग्री से लेकर आभूषणों की खरीदारी लोग कर रहे हैं। अक्षय तृतीया स्वयंसिद्ध मुहूर्तों में एक है। सोमवार को घाटों पर सुबह से ही स्नान करने के लिए भीड़ लगी है। श्रद्धालु गंगा स्नान कर तीर्थ पुरोहितों को दान-दक्षिणा देकर अक्षय फल की कामना कर रहे हैं। चांदी, दूध, चावल, शंख या सफेद मोती, गेहूं, इत्र, रेशमी वस्त्र, मसूर दाल, चने के दाल, हल्दी आदि दान में दे रहे हैं। उधर, बाजार में खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है। लोग सुबह, दोपहर और शाम के मुहूर्त और राशि के अनुसार खरीदारी भी कर रहे हैं। सोना, चांदी, कामधेनु गाय की मूर्ति खरीद रहे हैं। नया व्यापार या निवेश शुरू कर रहे हैं। तांबे के बर्तन, लक्ष्मी गणेश, यंत्र, धनिया, नमक, वाहन आदि ले रहे हैं।

## व्यापारी नेटवर्क टीम ने मनाई तीसरी सालगिरह

**● 18 सदस्यों ने चौथे वर्ष के लिए कराया नवीनीकरण**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** व्यापारी नेटवर्क की पहली एवं संस्थापक टीम 'टीम वाराणसी' ने अपनी ङतीसरी वर्षगांठ रविवार को पिंड बलूची, रथयात्रा में मनाई। कार्यक्रम का आयोजन टीम के मेंटर्स सुमित अरोड़ा, पुलकित अग्रवाल, वरुण चौरसिया, प्रणव वासुदेव एवं तन्मय अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान दो रोचक खेल आयोजित किए गए, जिसमें सदस्यों को एक-दूसरे की फर्म का नाम पहचानना था। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सदस्यों को 'टॉप परफॉर्मर ऑफ द ईयर' के रूप में सम्मानित किया गया। सम्मानित सदस्यओं में तन्मय अग्रवाल, मोहित जैन, योगेश तिवारी, सुमित अरोड़ा, वरुण चौरसिया, आलोक कुमार मौर्या, पुलकित अग्रवाल, रितेश सिंह, अर्पित अग्रवाल, मोहित जैन, अमित जायसवाल, आर्किटेक्ट स्वाधीन वर्मा एवं विकास मेहरोत्रा शमिल रहे। टीम की नई हेड टेबल की भी घोषणा की गई। नई टीम में अध्यक्ष–विकास मल्होत्रा, सचिव–सुमित अरोड़ा, कोषाध्यक्ष–प्रणव वासुदेव एवं टीम मेंटर–तन्मय अग्रवाल होंगे। वर्तमान हेड टेबल में अध्यक्ष अंकित मेहरा, सचिव रितेश सिंह एवं कोषाध्यक्ष वरुण चौरसिया शामिल हैं।

## बीएसएनएल टावर पर चढ़ा युवक पुलिस उतारने की मशक्कत में जुटी

**वाराणसी।** कैंट थाना कमिश्नरेट वाराणसी में सोमवार दोपहर एक युवक के बीएसएनएल के टावर पर चढ़ गया। युवक का नाम राजेश है, जो चंदापुर थाना चोलापुर का निवासी है। उसकी उम्र 35 वर्ष है और उसके दो बेटे तथा एक बेटी है। राजेश ने बताया कि उसका लंबे समय से अंकित गुप्ता, निवासी नटनियादाई, के साथ जमीन संबंधी विवाद चल रहा है। यह विवाद इतना गंभीर हो गया कि राजेश ने बीएसएनएल के टावर पर चढ़ने का निर्णय लिया। पुलिस ने बताया कि राजेश को उतारने के प्रयास जारी हैं।

## बंगाल चुनाव में एकजुट होकर मतदान करने का आह्वान

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** पश्चिम बंगाल चुनाव में आयोजित रैली से वापस आने पर वाराणसी में उत्तर प्रदेश अध्यक्ष हरिकिशोर ने एक स्वागत सम्मान में बताया कि कर्मचारियों के उत्पीड़न के विरोध में पश्चिम बंगाल चुनाव में कर्मचारियों को एकजुट होकर मतदान करने का आह्वान किया गया।

# 7000 करोड़ की सौगात देने आ रहे पीएम

**● 50 हजार महिलाओं के साथ नारी शक्ति वंदन के सम्मेलन में होंगे शामिल**



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय दौरे की तैयारियों में जिला प्रशासन जुट गया है। 28 अप्रैल को बरेका में नारी शक्ति महोत्सव कार्यक्रम होगा। इसके बाद वे काशी की प्रबुद्ध महिलाओं से बातचीत करेंगे। इसके पश्चात वे काशीवासियों को 7000 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात देंगे। रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री यहां से हरदोई के मल्लावां जाएंगे, जहां से गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे। बाबतपुर से लेकर बरेका तक की सड़कों को पैचलेस करने का काम जिला प्रशासन ने पीडब्ल्यूडी को सौंपा है। बंगाल चुनाव का प्रचार थमने के बाद प्रधानमंत्री का आगमन प्रस्तावित है। इस दौरान सिग्नेचर ब्रिज का शिलान्यास और लाट भैरव सेतु का लोकार्पण भी किया जाएगा। गंगा किनारे रामनगर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, अमृत 2.0 योजना के तहत नगर निगम के वरुणा पार, रामनगर और सूजाबाद सहित 18 वार्डों में 814 करोड़ रुपये की पेयजल परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। वह वाराणसी के बरेका में महिलाओं के साथ नारी शक्ति वंदन सम्मेलन के लिए 28 अप्रैल को दोपहर तीन बजे के करीब लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बाबतपुर उतरेंगे। इसके बाद सीधे सभा स्थल बरेका ग्राउंड पहुंचेंगे। पार्टी पदाधिकारियों ने महिला सम्मेलन को लेकर रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। भाजपा ने दावा किया है कि इस कार्यक्रम में पीएम के साथ पचास हजार से ज्यादा महिलाएं उपस्थित रहेंगी।

## सारनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में विविध अनुष्ठानिक कार्यक्रम



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अक्षय तृतीया को सारनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर 1008 आदिनाथ एवं उनके पुत्र भरत चक्रवर्ती तथा बाहुबली की इच्छुरस से अभिषेक के पश्चात भक्तामर विधान किया गया। इस कार्यक्रम में दिगंबर जैन समाज के समाज मंत्री विनोद जैन (चांदी वाले), सारनाथ मंत्री आदीश जैन, धनश्याम जैन, विमल जैन, विजय कुमार जैन (अध्यक्ष जैन मिलन बनारस) आदि सपरिवार शामिल हुए। समाज की महिलाएं भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुईं।

## ब्राह्मण महासभा ने लिया परशुराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प




**● समारोहपूर्वक मनाया गया जन्मोत्सव**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी भट्ट ब्राम्हण महासभा द्वारा भगवान् परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन रविवार को सर्किट हाउस, वाराणसी में किया गया। इस अवसर पर महासभा के महामंत्री अवधेश राय भट्ट ने कहा कि परशुराम का जीवन हमें सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस समारोह में नन्दलाल राय, श्यामधर, अजय कुमार शर्मा, रविरंजन शर्मा, अरविंद शर्मा घनश्याम शर्मा, शशिकांत राय, शिवराज राय भट्ट, रवि शर्मा, मनीष शर्मा, अवधेश मिश्रा, उमेश चंद्र मिश्रा आदि ने भाग लिया। समारोह में परशुराम की पूजा-अर्चना की गई और उनके जीवन पर आधारित विचार-विमर्श किया गया। काशी भट्ट ब्राम्हण महासभा के सदस्यों ने परशुराम जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और समाज में उनके विचारों को फैलाने का निश्चय किया।

## विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा जुल्म और उत्पीड़न के खिलाफ चलाएगा अभियान

**● सामाजिक सुरक्षा के कानून बनाने की मांग**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा की आज केंद्रीय कार्यालय पर आयोजित बैठक में मिर्जापुर, गाजीपुर सहित प्रदेश भर के विभिन्न जनपदों में समाज पर हो रहे जुल्म, अत्याचार, उत्पीड़न और बलात्कार की घटनाओं पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। नेताओं ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में विश्वकर्मा समाज सर्वाधिक जुल्म, उत्पीड़न और अत्याचार का शिकार है। सत्ता रूढ़ दल में बैठे हुए समाज के जनप्रतिनिधियों पर भी आक्रोश व्यक्त करते हुए उन्हें नकारा बताया गया। बैठक में सरकार से मांग की गई की विश्वकर्मा शिल्पकार समाज की सामाजिक सुरक्षा की गारंटी के लिए एससी एसटी उत्पीड़न निवारण अधिनियम की भांति कानून बनाया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज को संगठित और सशक्त करने के लिए देश भर में सामाजिक पुनर्जागरण एकता अभियान चलाया जाएगा।

## 20 दिन में एक भी एडमिशन नहीं, शिक्षकों का कटेगा वेतन : बनायी जा रही है लिस्ट



**वाराणसी।** वाराणसी के परिषदीय स्कूलों में छात्रों की संख्या कम हुई है। इसके लिए शिक्षकों को भी जिम्मेदार माना गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जनपद के 65 ऐसे विद्यालयों की सूची तैयार कराई है जिसमें इस नए शैक्षणिक सत्र में एक भी नए छात्रों का प्रवेश नहीं हुआ है। BSA ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि इसके लिए शिक्षकों का भी वेतन काटा जाएगा।

## समय सीमा के अंदर गुणवत्ता के साथ मानक के अनुरूप होना चाहिए काम



**● स्टाम्प मंत्री का जिले में तूफानी दौरा**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** निर्माणाधीन विकास कार्यों को प्रत्येक दशा में मानक के अनुरूप गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराया जाए-रविन्द्र वाराणसी। प्रदेश के स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने जिले में तूफानी दौरा कर ढेलवारिया, आबकारी विभाग कार्यालय से होते हुए नक्क्खीघाट से सरैया तक रेलवे एनईआर व एनआर द्वारा कराए जा रहे रेलवे ट्रैक का विस्तारीकरण कार्य, अंडरपास 2 सर्विस लेन, रेलवे ट्रैक के दोनों तरफ आवागम मार्ग हेतु सड़क निर्माण कार्य का जिलाधिकारी सतेंद्र कुमार, नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, एडीआरएम एनईआर अशोक कुमार, डायरेक्टर एनआर अर्पित गुप्ता व रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौके जाकर पर निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।




## जिलाधिकारी का अधिकारियों को अल्टीमेटम मौके पर जाकर करें भूमि विवाद का समाधान



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जनपद के सभी तहसीलों में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने तहसील पिंडरा में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आए लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर राजस्व, पुलिस, चिकित्सा, कृषि, खाद एवं रसद, पंचायतीराज, विद्युत, सिंचाई, पीडब्ल्यूडी सहित कुल 121 मामले आए, जिसमें से 07 का मौके पर निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी ने समस्याओं का समाधान समय सीमा के अंदर निस्तारित करने के निर्देश दिए। भूमि विवाद संबंधी मामलों को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर सत्यापन कर मामले को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

## औरंगाबाद मार्ग का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड) के तहत औरंगाबाद क्षेत्र में हो रहे सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति को लेकर रविवार को नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने सड़क निर्माण की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीएम ग्रिड योजना सरकार की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में से एक है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## गोरखपुर समाचार

### लू के थपेड़ों ने किया बेहाल, पारा लगातार दूसरे दिन 40 के पार, धूप उमस ने बढ़ाई परेशानी



**गोरखपुर।** गर्मी का सितम जारी है। लगातार दूसरे दिन रविवार को भी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। इस दौरान लू के थपेड़ों ने घर से निकले लोगों को बेहाल कर दिया। गर्म पश्चिमी हवाओं के बीच दोपहर में निकलने पर अहसास ऐसा हो रहा था, जैसे शरीर ही झुलस जाएगा। रविवार की सुबह आसमान में बादल घिरे थे। लगभग साढ़े सात बजे तक बादल छाए रहे। उसके बाद बादल छंटने लगे। सुबह आसमान में बादल देखकर लोगों को लगा कि तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है लेकिन बादल छंटते ही धूप तेज हो गई। दिन चढ़ने के साथ ही तापमान भी बढ़ता गया। इसका सीधा असर आम जनजीवन पर पड़ा। शादी का सीजन होने के कारण सड़कों पर दिख रही भीड़ लू से बेहाल दिखी। बाहर निकलते ही लोगों को डिहाइड्रेशन होने लग रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। यह शनिवार की तुलना में 0.1 डिग्री कम था।

न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि गर्मी अभी और सताएगी। अगले दो-तीन दिन में तापमान में दो डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की जा सकती है।

## मऊ समाचार

### युवती ने प्रेमी को फोन कर लगाया फंदा

**मऊ।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र स्थित भुजौटी के तथागत होटल में रविवार सुबह एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान गाजियाबाद निवासी भावना शर्मा (26) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार भावना शर्मा अपने प्रेमी के साथ होटल में ठहरी हुई थी।

शुरुआती जानकारी में सामने आया कि करीब आठ माह पहले उसका अपने पति से विवाद हो गया था, जिसके बाद दोनों अलग रहने लगे थे। इसी दौरान उसकी मुलाकात हरियाणा निवासी शक्ति सिंह से हुई और दोनों साथ रहने लगे।

## चंदौली समाचार

### जानवर से बचने के चक्कर में अनियंत्रित हुई बाइक, महिला की मौत, भाई जख्मी



**सकलडीहा।** स्थानीय कोतवाली के भोजापुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप शनिवार की रात करीब 11 बजे सड़क पार कर रहे जानवर से बचने के चक्कर में बाइक बेकाबू होकर पलट गई। इस घटना में बाइक पर सवार विवाहिता की मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा भाई जख्मी हो गया। आस-पास के लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माटी गांव निवासी राजकुमार की पत्नी रीना देवी (36) धरहरा गांव में कॉस्मेटिक की दुकान चलाती थीं। शनिवार की रात रीना अपने भाई धर्मेंद्र (30) के साथ दुकान बंद कर बाइक से घर के लिए चलीं। रास्ते में बाइक भोजापुर रेलवे क्रॉसिंग पार कर आगे ही बढ़ी ही कि अचानक एक जानवर सामने आ गया। इससे बाइक बेकाबू होकर पलट गई। इस घटना में पीछे बैठीं रीना देवी नीचे गिर पड़ीं और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। वहीं धर्मेंद्र भी चोटिल हो गए। आस-पास के लोगों ने फोन कर एंबुलेंस बुलाया। एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने रीना को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर की पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष भूपेंद्र निषाद ने बताया कि सड़क दुर्घटना में विवाहिता की मौत हो गई है।

## सुल्तानपुर समाचार

### सड़क हादसों में युवती सहित दो की मौत

**गोसाईगंज/अखंडनगर।** जिले के अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में युवती सहित दो लोगों की मौत हो गई। पहली दुर्घटना गोसाईगंज के खेड़ी बाबूगंज के पास हुई। जिसमें अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवती की मौत हो गई। दुर्घटना में युवती के मां व चचेरे भाई घायल हो गए। दूसरी दुर्घटना अखंडनगर के अलीपुर गांव के पास शनिवार देर रात हुई। वहां पर अनियंत्रित बाइक सवार युवक की पुलिया से टकराने से मौत हो गई। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। शिवगढ़ निवासी हीरा लाल कसौधन की पत्नी पूनम (42), अपनी पुत्री रजनी (19) व भतीजे हिमांशु (22) के साथ शनिवार अपने रिश्तेदार गुप्तारगंज निवासी लालजी कसौंधन के घर आई थीं।

## जौनपुर समाचार

### निर्माणाधीन बाईपास पर मोटर ग्रेडर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत



**मड़ियाहूं।** कोतवाली क्षेत्र के शिवपुर सराय कालिदास स्थित निर्माणाधीन बाईपास पर रविवार दोपहर दर्दनाक हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर के पास हुई, जहां मिट्टी लेवलिंग में लगे मोटर ग्रेडर की चपेट में आने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। रामपुर थाना क्षेत्र के तेलियानी गांव निवासी आकाश कुमार दुबे (33) रविवार को जौनपुर सदर में भर्ती अपनी दादी को खाना पहुंचाकर बुलेट मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह निर्माणाधीन बाईपास से होकर प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर के सामने पहुंचे, तभी हाईवे पर कार्यरत मोटर ग्रेडर बैक करते समय उनकी बाइक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आकाश की मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही मड़ियाहूं पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त बाइक व मोटर ग्रेडर को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक आकाश तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके दोनों बड़े भाई रोजी-रोटी के सिलसिले में बाहर रहते हैं। आकाश की शादी एक वर्ष पूर्व ही हुई थी। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी दीपेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## प्रयागराज समाचार

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो व्यापारियों की मौत, बारा में हुआ हादसा

**प्रयागराज।** बारा थाना क्षेत्र के मैदा मोड़ पर रविवार को दोपहर अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक सवार दो बुजुर्ग व्यापारियों की मौत हो गई। दोनों गेहूं खरीदने जा रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार निवासी सेहत बहादुर केसरवानी (70) और बिहारी अग्रहरि (65) गल्ले का कारोबार करते थे। वे गांवों से गल्ला खरीद कर मंडी में बेचते थे। रविवार को दोनों गेहूं खरीदने बाइक से निकले थे। रीवा रोड स्थित मैदा मोड़ के पास प्रयागराज की ओर से जबलपुर जा रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को प्रयागराज ले गए। जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। व्यापारियों की मौत से कस्बे में मातम छा गया है।

## बलिया समाचार

### 10-20 ग्राम के सोने के आभूषण ज्यादा बिके, 90 करोड़ का हुआ कारोबार



**बलिया।** अक्षय तृतीया पर रविवार को सोने-चांदी के आभूषण की खूब खरीदारी हुई। जिले में लगभग 90 करोड़ से अधिक का व्यापार हुआ। इसमें सोने के लगभग 50 करोड़, डायमंड के 40 करोड़ व चांदी के गहने 50 लाख से ज्यादा के गहने बिके। सोने के दस ग्राम से 20 ग्राम तक के गहने खूब बिके।

सोने के हल्के वजन के आभूषणों की मांग ज्यादा रही। शहर के शहीद पार्क चौक रोड स्थित डीपी ज्वेलर्स के संचालक प्रमोद सर्राफ ने बताया कि जिले में लगभग 90 करोड़ से ज्यादा का व्यापार हुआ। ऐश्प्रा जेम्स एवं ज्वेलर्स के राहुल सर्राफ ने बताया कि महंगाई का असर बाजार पर दिखा। कम वजन व फैंसी गहने ज्यादा लोगों ने खरीदे। श्री लक्ष्मी नारायण ज्वेलर्स के मालिक प्रेम वर्मा ने बताया कि हल्के वजन के ज्यादा आभूण बिक रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तरह बिक्री रही। पहले 22 से 25 ग्राम तक के हार की खरीदारी करते थे, इस बार 15 ग्राम तक के बिके।

स्वर्णकला केंद्र के प्रोपराइटर प्रदीप कुमार ने बताया कि अक्षय तृतीया पर लोगों द्वारा पूर्व से ही गहनों की बुकिंग हुई थी। इस वर्ष भी उम्मीद के अनुसार अच्छी बिक्री हुई। अक्षय तृतीया को आटो मोबाइल का कारोबार भी अच्छा हुआ। नई मॉडल की बाइक और कार की मांग ज्यादा थी। बाजाज, टीवीएस, हीरो, होंडा, बुलेट, महिंद्रा, मारुति सहित विभिन्न वाहनों के शोरूम से करीब सौ से अधिक वाहनों की बिक्री हुई। एसी, फ्रीज, कुलर व बर्तन की अच्छी खासी बिक्री हुई। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र की दुकानों पर ग्राहकों के आने का क्रम देर तक जारी रहा।

अक्षय तृतीया पर बन रहे विशिष्ट योग और उत्तम मुहूर्त में खरीदारी के लिए लोगों को इंतजार है। सुबह के मुहूर्त में सोना-चांदी के साथ पारंपरिक और शुभ वस्तुओं की खरीदारी करना सबसे बेहतर होगा। दोपहर के मुहूर्त में कामधेनु गाय की मूर्ति खरीदना सबसे उत्तम है। जबकि शाम के मुहूर्त में कछुआ की मूर्ति, सोना-चांदी और पीतल खरीदना सही होगा। वहीं, 12 राशियों के अनुसार भी खरीदारी के विधान हैं। बैशाख मास शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया तिथि 20 मार्च को है। इस दिन जो भी वस्तु खरीदी जाती है, वह घर में सुख-समृद्धि लाती है।

## देवरिया समाचार

### सऊदी अरब में एकौना के युवक की मौत

**रुद्रपुर।** क्षेत्र के कोड़र गांव निवासी एक युवक की विदेश में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। वह सऊदी अरब स्थित अपनी कंपनी से काम कर लौट रहा था कि वाहन की टक्कर से घायल हो गया। उसने 18 अप्रैल को घर वापसी का टिकट लिया था, उसी दिन उसकी मौत की खबर घर पहुंची। युवक की 27 अप्रैल को सगाई तय थी। इसकी घर पर तैयारी चल रही थी। कोडर निवासी 30 वर्षीय रामगोविन्द पुत्र नेबुलाल वर्ष 2020 से ही सऊदी अरब के अल्म जार नामक कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर काम कर रहा था। घर पर उसकी शादी की तैयारी चल रही थी। 27 अप्रैल को सगाई होनी थी। उसने सगाई के लिए 18 अप्रैल का वापसी का टिकट भी ले लिया था। घर वालों के अनुसार, 15 अप्रैल को कंपनी से काम कर साइकिल से अपने कमरे पर जा रहा था। इस दौरान चार पहिया वाहन से दुर्घटना हो गई।

## गाजीपुर समाचार

### 42 डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधिकतम तापमान



**गाजीपुर।** गर्मी ने वर्ष 2025 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 19 अप्रैल 2025 को अधिकतम तापमान 35.8 व न्यूनतम 24.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जबकि शनिवार को अधिकतम तापमान 42 व न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहा। पूरे दिन लोग चिलचिलाती धूप से तपते रहे। दोपहर में लू भी चली। वर्ष 2025 की अपेक्षा इस बार छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान अधिक रहा। सुबह 10 बजे से ही धरती तपने लगी थी। छुट्टी का दिन व मौसम का तल्ख तेवर देखकर ज्यादातर लोगों ने दिन के समय घरों में रहना ही मुनासिब समझा। जो लोग घरों के बाहर निकले, वह तीखी धूप के कारण झुलसते रहे। खुद को बचाने के लिए लोग सिर व मुंह को गमछे से ढंके रहे। इसी तरह महिलाओं को भी ओढ़नी व दुपट्टे से चेहरे व सिर को ढके हुए देखा गया। झुलसाती धूप के कारण इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी बेहाल नजर आए। सबसे अधिक दिक्कत हाईवे पर लंबी दूरी तय करने वाले बाइक सवारों को हुई। रास्ते में दुकान व पेड़ देखकर उनको आराम करते हुए देखा गया। गर्मी व धूप का कहर इस कदर रहा कि दोपहर के समय घर व प्रतिष्ठान भी तपते नजर आए। इसके कारण घरों में रहने वाली महिलाएं व बच्चे परेशान नजर आए। दूसरी तरफ अगर आंकड़ों पर नजर डाले तो वर्ष 2025 में 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। लेकिन, इस वर्ष 19 अप्रैल को ही अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

## भदोही समाचार

### अक्षय तृतीया पर 10 करोड़ का हुआ सराफा कारोबार

**भदोही।** अक्षय तृतीया पर शहर से गांव तक के सराफा दुकान ग्राहकों से गुलजार रहे। सराफा कारोबारी अरविंद गुप्ता ने बताया कि रविवार को बंदी होने के बावजूद 10 करोड़ का कारोबार हुआ। सोने-चांदी के आभूषणों के साथ-साथ बर्तन और वाहनों की भी बिक्री हुई। सोने-चांदी के आभूषणों की कीमतों में वृद्धि के बावजूद ग्राहकों ने सोने के सिक्के, चेन, अंगूठी और शादी के गहनों की खरीदारी की। अक्षय तृतीया वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन खरीदारी करना शुभ माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन जो भी शुभ कार्य किए जाते है, उसका परिणाम अच्छा होता है। घोसिया के सराफा कारोबारी दिलीप कुमार ने बताया कि नेकलेस, हार, चोकर, चूड़ी, कंगन, रानी हार, ब्रेसलेट के अलावा जेंट्स-लेडीज अंगूठी, मांगटिका, मंगलसूत्र की खरीदारी हुई।

## मीरजापुर समाचार

### सत्य, न्याय और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं भगवान परशुराम



**पड़री/हलिया।** अक्षय तृतीया पर विभिन्न संगठनों की तरफ से रविवार को पहाड़ी और हलिया ब्लॉक क्षेत्र में भगवान परशुराम की जयंती श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई। परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्श पर चलने का संकल्प लिया गया।

पड़री, पहाड़ी ब्लॉक क्षेत्र के भोजपुर पहाड़ी स्थित रामलीला मैदान और पड़री स्थित कंप्यूटर सेंटर में परशुराम जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन, त्याग, तपस्या एवं धर्म रक्षा के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका संदेश आज भी समाज को सत्य, न्याय और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। सवर्ण आर्मी के लोगों ने पड़री बाजार चौराहे पर भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। बालकृष्ण पाठक, गोपाल दुबे, त्रिलोकी नाथ दुबे, अनीश कुमार ओझा, अभय त्रिपाठी, पंडित कार्तिकेय दुबे, शिखर ओझा आदि रहे।

**हलियाः** ब्लॉक के चक कोटार गांव में ब्राह्मण एकता परिषद तरफ से परशुराम जयंती मनाई गई। वक्ताओं ने भगवान विष्णु के छठे अवतार बताया। मुख्य अतिथि डॉ सरस्वती प्रसाद पांडेय ने कहा कि बैसाख मास के शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया तिथि को यह पर्व मनाया जाता है। हिंदू धर्म में इस पर्व का खास महत्व होता है। इस दौरान अध्यक्ष श्री नारायण शुक्ला, संस्थापक उमाकांत द्विवेदी, प्रधान धीरज मिश्रा, संजय तिवारी, धर्मेंद्र दूबे, राम प्रकाश तिवारी, रामेश्वर प्रसाद शुक्ल, सत्यमूर्ति चौबे आदि रहे।

### सोने-चांदी के सिक्के, डिजाइनदार ज्वेलरी की मांग बढ़ी

**मीरजापुर।** अक्षय तृतीया की पूर्व संध्या पर सराफा बाजारों में रविवार को चहल-पहल रही। सोने-चांदी के सिक्के की मांग अधिक रही। नगर सहित ग्रामीण अंचलों के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर सुबह से लेकर शाम तक ग्राहकों की भीड़ रही। इसमें महिलाओं की संख्या अधिक रही। नगर के बसनई बाजार, त्रिमुहानी, घंटाघर, मुकेरी बाजार, चौबे टोला, धुंधी कटरा, संगमोहाल, स्टेशन रोड आदि बाजारों में सराफा प्रतिष्ठानों पर महिलाओं ने हल्के व डिजाइनदार नेकलेस, टप्स, चेन, रिंग, मंगलसूत्र, ब्रेसलेट और बैंगल आदि के ऑर्डर दिए। एडवांस देकर उसकी डिलीवरी अक्षय तृतीया के दिन कराई जाएगी।

## आजमगढ़ समाचार

### महिलाओं की समान भागीदारी से ही विकसित भारत का लक्ष्य पूरा होगा : कुलपति



**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय परिसर स्थित पुस्तकालय भवन में रविवार को 'पढ़ें विश्वविद्यालय, बढ़ें विश्वविद्यालय' अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष परिचर्चा सत्र का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम कुलपति प्रो. संजीव कुमार के नेतृत्व एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देशों के क्रम में संपन्न हुआ। कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 केवल महिलाओं को आरक्षण देने का माध्यम नहीं, बाल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक समावेशी और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब महिलाएं निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी निभाएंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पुस्तकालय संस्कृति को बढ़ावा देना और उन्हें नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जागरूक करना रहा।

परिचर्चा के दौरान कुलपति, कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. निधि सिंह ने बताया कि इस दौरान 'मिस कॉल अभियान' भी चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने निर्धारित नंबर पर कॉल कर अधिनियम के प्रति समर्थन जताया। डॉ. प्रियंका सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने पुस्तकालय में सामूहिक अध्ययन कर शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया।

## सोनभद्र समाचार

### म्योरपुर में अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराईःगड्ढे में गिरने से युवक की मौत



**सोनभद्र।** म्योरपुर थाना क्षेत्र में रविवार रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। म्योरपुर-लीलासी मार्ग पर सुपाचुंआ गांव के पास एक अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराकर गड्ढे में जा गिरी।

घायल युवक रात भर घटनास्थल पर पड़ा रहा और समय पर इलाज न मिलने के कारण उसकी जान चली गई। मृतक की पहचान बलियरी निवासी सुनील कुमार (28) पुत्र मिठाईलाल के रूप में हुई है। सुनील मजदूरी कर अपना जीवनयापन करता था। रविवार रात वह अपने साले की बाइक से नौडिहा गांव में एक बारात में शामिल होने जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। सोमवार सुबह राहगीरों ने भुक्कू पहरी के पास गड्ढे में बाइक और युवक को पड़ा देखा। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। लीलासी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। लीलासी चौकी इंचार्ज मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेज दिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### डिप्थीरिया रोकथाम के लिए स्कूलों में टीकाकरण अभियान

**सोनभद्र।** बभनी क्षेत्र में डिप्थीरिया के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने के लिए स्कूलों में एक विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 20 से 30 अप्रैल 2026 तक (बुधवार और शनिवार को छोड़कर) सरकारी और निजी विद्यालयों में चलाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को डिप्थीरिया और टिटनेस जैसी बीमारियों से बचाना है। इस अभियान के तहत 5-6 वर्ष (कक्षा 1) के बच्चों को डीपीटी-2 बूस्टर टीका लगाया जा रहा है। वहीं, 10 और 16 वर्ष (कक्षा 4-6 और 10-11) के छात्रों को टीडी (Td) का टीका दिया जा रहा है। इसमें सभी सरकारी, सहायता प्राप्त, सीबीएसई स्कूल और मदरसे शामिल हैं। टीकाकरण की जिम्मेदारी सभी क्षेत्रीय एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) को सौंपी गई है, जिसमें स्कूलों के अध्यापकों का भी सहयोग लिया जा रहा है। सोमवार को कम्पोजिट विद्यालय चौना, सतबहनी, चपकी, बभनी, हथियार, प्राथमिक विद्यालय नवटोला, कोंगा, करमघट्टी और दक्षिणांचल ग्रामोद्योग इंटर कॉलेज बभनी सहित कई विद्यालयों में टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए।

## लाइफ मंत्र

### कब से शुरू होगा अधिक मास, जानें इन माह में किन चीजों का खास ध्यान रखना चाहिए?




सनातन धर्म में अधिक मास का बहुत खास महत्व है। यह माह भगवान विष्णु जी को बहुत प्रिय है। हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष में 12 महीने होते हैं, लेकिन लगभग हर तीसरे साल एक अतिरिक्त महीना जुड़ता है, जिसे अधिक मास कहा जाता है। अधिक मास को मलमास, पुरुषोत्तम मास के नामों से भी जाना जाता है। माना जाता है कि इस माह में पूरे विधि-विधान के साथ विष्णु जी की पूजा करने, दान और मंत्रों का उच्चारण करने से बहुत लाभ मिलता है। साथ ही मन की हर इच्छा पूरी होती है। इस माह में किसी भी शुभ या मांगलिक कार्यों को करने की मनाही होती है। तो आइए जानते हैं इस माह की तारीख के बारे में-

**अधिक माह कब से शुरू हो रहा है?**

पंचांग के अनुसार, इस साल ज्येष्ठ का महीना अधिक मास होगा। 17 मई 2026, रविवार से अधिक मास शुरू होगा, जिसका समापन 15 जून को होगा। मान्यता है कि इस माह में किए गए जप, तप और दान का फल अन्य महीनों की तुलना में दस गुना अधिक मिलता है।

**अधिक मास में क्या करें?**

इस माह के दौरान विष्णु जी के मंत्रों का जाप करें। साथ ही विष्णु सहस्त्रनाम या पुरुष सूक्त का पाठ जरूर करें।


अधिक मास में अपनी क्षमता के अनुसार, गरीबों या जरूरतमंद को अनाज, जल और कपड़ों का दान करें।

इस माह में संभव हो तो किसी पवित्र नदी में स्नान करें या घर पर नहाने के पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर लें। अधिक मास में श्रीमद्भागवत कथा या गीता का पाठ करें या सुने।

**अधिक मास में क्या न करें?**

अधिक मास में कोई भी शुभ या मांगलिक कार्य करना वर्जित माना जाता है, इसलिए कोई शुभ कार्य न करें। इस महीने में लहसुन, प्याज, मांस और मदिरा का सेवन भूलकर भी न करें। किसी का अपमान न करें और न ही किसी से झूठ बोलें।

## *Natural Eyelash Growth का ये है फॉर्मूला, Vitamin E और तेल से पाएं घनी पलकें*



आप कुछ उपायों को अपनाकर अपनी पलकों को लंबी और घनी दिखा सकती हैं। इसलिए आज हम आपको कुछ असरदार और आसान तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप बिना एक्सटेंशन या मस्कारा के नेचुरल और खूबसूरत पलकें पा सकती हैं। हर किसी की घनी और लंबे पलकें पाने की चाहत होती है। जिसके लिए बहुत सारी महिलाएं मस्कारा या फिर नकली लैशेस पर निर्भर रहती हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि बिना मस्कारा लगाए भी आपकी पलकें घनी और सुंदर दिख सकती हैं। लेकिन आप सही देखभाल और कुछ आसान टिप्स अपनाकर अपनी पलकों को नेचुरल रूप से मजबूत और घनी बना सकती हैं। इसके जरूरी है कि आप यह जानें कि आपकी पलकें धूल, धूप, मेकअप और तनाव के कारण कमजोर हो सकती हैं। इसलिए इनकी नियमित देखभाल जरूरी है। ऐसे में आप कुछ उपायों को अपनाकर अपनी पलकों को लंबी और घनी दिखा सकती हैं। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ असरदार और आसान तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप बिना एक्सटेंशन या मस्कारा के नेचुरल और खूबसूरत पलकें पा सकती हैं।

**तेल और गैस**

**नारियल**

**तेल या कैस्टर ऑयल**

पलकें कमजोर लग रही हों तो सोने से पहले हल्के हाथों से नारियल तेल या कास्टर ऑयल लगाएं। तेल में मौजूद पोषक तत्व बालों को मजबूत बनाते हैं और टूटने से रोकते हैं। रोजाना मालिश करने से पलकें घनी और लम्बी दिखने लगती हैं।

**विटामिन ई**

विटामिन ई कैप्सूल को चुभाकर इसका तेल सीधे पलकों पर लगाएं। यह बालों को स्वस्थ रखने, ग्रोथ बढ़ाने और टूटने से बचाने में मदद करता है। सप्ताह में 3-4 बार इसका इस्तेमाल करना चाहिए।

**सौंदर्य प्रसाधन और कॉस्मेटिक्स**

**एलोवेरा जेल**

एलोवेरा जेल में मौजूद नमी और पोषक तत्वों से पलकें मजबूत और मुलायम बनती हैं। रोजाना हल्के हाथों से पलकों पर एलोवेरा जेल लगाएं। इससे पलकें धीरे-धीरे घनी हो जाती हैं और टूटती नहीं हैं।

**मेकअप से लें ब्रेक**

लगातार आईलाइनर, मस्कारा या फेक लैशेज का इस्तेमाल करने से पलकें कमजोर होकर टूटने लगती हैं। सप्ताह में कुछ दिन बिना मेकअप रहें।

**विटामिन व पूरक आहार**

इससे पलकों को आराम मिलेगा और साथ ही पलकें प्राकृतिक रूप से घनी होंगी।

**साफ-सफाई रखें**

सोने से पहले आपको अपना मेकअप और पलकें पूरी तरह से साफ करना चाहिए। गंदगी या मेकअप की वजह से पलकें कमजोर होती हैं और झड़ती हैं। रोजाना सफाई करने से पलकें स्वस्थ और घनी बनी रहती है।

**पौष्टिक आहार**

पलकें मजबूत होने के लिए शरीर को आयरन, प्रोटीन और विटामिन्स चाहिए। दूध, बीन्स, हरी सब्जियां, अंडा और नट्स का सेवन करें। वहीं सही डाइट बालों की जड़ों को मजबूत बनाने के साथ ग्रोथ बढ़ाता है।



# घर बैठे पाएं पार्लर जैसा Glowing Skin, आजमाएं ये Viral Beauty Hacks

**चमकदार त्वचा के लिए महंगे प्रोडक्ट्स की जगह, नारियल तेल, शहद और हल्दी से बने दो आसान घरेलू फेस पैक पर केंद्रित है, जो दाग-धब्बे और पिंपल्स को कम कर चेहरे पर नेचुरल ग्लो लाने में मदद करते हैं।**

खूबसूरत और चमकदार त्वचा पाने के लिए अक्सर महिलाएं महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का सहारा लेती हैं, ताकि उनके चेहरे पर निखार आ सके और ये लंबे समय तक बना भी रहे। लेकिन कई बार हम घर में मौजूद उन प्राकृतिक चीजों को नजरअंदाज कर देते हैं, जो स्किन के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। आज हम ऐसी ही दो खास चीजों के बारे में बताने जा रहे है, जिनका इस्तेमाल करके आप अपने चेहरे की रंगत सुधार सकती हैं।

**खाद्य वसा और तेल**

**नारियल**

**तेल और शहद का मेल**

नारियल तेल और शहद का मिश्रण त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। शहद में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो त्वचा को गहराई से नमी देते हैं और दाग-धब्बों को दूर करने में मदद करते हैं।

**बनाने का तरीकाः** सबसे पहले एक चम्मच नारियल तेल लें और उसमें एक चम्मच शहद अच्छी तरह मिलाएं।

**कैसे लगाएंः** इस मिश्रण को अपने चेहरे पर हल्के हाथों से लगाएं और 15 से 20 मिनट के लिए छोड़ दें।

**फायदाः** इसके बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। इससे त्वचा का रूखापन खत्म होगा और चेहरा खिला-खिला नजर आएगा।

**नारियल तेल और हल्दी का नुस्खा**

हल्दी में मौजूद एंटीसेप्टिक और एंटीऑक्सीडेंट गुण त्वचा को साफ करने और रंगत निखारने में सहायक होते हैं। जब इसे नारियल तेल के साथ मिलाया जाता है, तो यह त्वचा को एक स्वस्थ चमक देता है।

**तेल और गैस**

**बनाने का तरीकाः** एक चम्मच नारियल तेल में बस एक चुटकी हल्दी मिलाएं।

**कैसे लगाएंः** इस पेस्ट को चेहरे के दाग-धब्बों वाली जगह पर लगाएं और 5 से 10 मिनट तक लगा रहने दें।

**फायदाः** ताजे पानी से चेहरा धोने के बाद आप महसूस करेंगे कि त्वचा साफ हो गई है। यह नुस्खा पिंपल्स को कम करने और चेहरे पर नेचुरल ग्लो लाने में बहुत असरदार है।


**त्वचा के लिए नारियल तेल के अन्य लाभ**

नारियल तेल फैटी एसिड और विटामिन ई से भरपूर होता है, जो स्किन को अंदर से पोषण देता है और उसे हाइड्रेटेड रखता है। यह त्वचा को कोमल बनाता है और बढ़ती उम्र के निशानों को भी कम करता है। ध्यान रहे कि अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो इन नुस्खों को आजमाने से पहले किसी एक्सपर्ट की राय जरूर लें, ताकि आपको किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े।

**खूबसूरत और ग्लोइंग स्किन के लिए**

नारियल तेल में शहद या हल्दी मिलाकर लगाना फायदेमंद हो सकता है। यह घरेलू उपाय त्वचा के दाग-धब्बों और पिंपल्स को कम कर चेहरे पर नेचुरल ग्लो लाने में मदद करता है।बिजी लाइफस्टाइल के चक्कर में हम सभी अपनी स्किन का ध्यान रखना भूल ही जाते हैं। जिस वजह से त्वचा भी धीरे-धीरे बेजान हो जाती है, इसलिए स्किन केयर करना काफी जरुरी है। अब आपको त्वचा की देखभाल के लिए महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स लेने की कोई जरुरत नहीं है। घर पर मौजूद कुछ खास चीजों से आप अपनी त्वची की देखभाल कर सकते हैं और इससे आपकी स्किन भी चमकाने लगेगी। अब आप घर में रखीं इन दो चीजों से त्वचा में निखार ला सकते हैं। खूबसूरत और ग्लोइंग त्वचा के लिए आप नारियल तेल और शहद का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन दोनों को चेहरे पर लगाने से फूलों से निखार मिलेगा।

# अपनी लाडली को दें ये Trendy Silver Chains, देखें लेटेस्ट डिजाइंस



अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर अपनी बेटी के लिए लेटेस्ट डिजाइन वाली चांदी की चेन एक बेहतरीन तोहफा हो सकती है। इस लेख में हार्ट शेप पेंडेंट, फूल डिजाइन और अमेरिकन डायमंड वाली स्टर्लिंग सिल्वर चेन जैसे कई ट्रेंडी विकल्प दिए गए हैं, जो हर उम्र की लड़कियों पर अच्छी लगती हैं। अक्षय तृतीया के दिन ज्यादातर लोग सोना और चांदी की खरीदारी करते हैं। माना जाता है कि इस दिन की गई खरीदारी अक्षय फल प्रदान करती है। इसलिए कई लोग सोना या चांदी खरीदते हैं।

अगर आप अक्षय तृतीया पर अपनी बेटी को चांदी की चेन देना चाहते हैं, तो यह लेख सिर्फ आपके लिए है। इस खास मौके पर आप अपनी बिटिया रानी को कीमती उपहार दे सकती हैं, चांदी की चेन गिफ्ट करना एक शानदार तोहफा हो सकता है। आजकल ट्रेंडी चांदी की चेन के डिजाइंस काफी चलन है। ये ट्रिंडी डिजाइंस हर किसी लड़की पर खूब जंचती है। तो चलिए बिना देर किए आपको इस लेख में बताते हैं चांदी की लेटेस्ट डिजाइन वाली चेन।

**फूल डिजाइन वाली चांदी की चेन**

लड़कियों के सबसे ज्यादा प्यार फूलों से जरुर होता है। आपकी बेटी भी नेचर से काफी प्रेम करती होगी, तो आप फूल के डिजाइन वाली चांदी की चेन खरीद सकते हैं। चांदी की प्लेन चेन के बीच फ्लावर का पेंडेट लगवा सकते हैं या फिर चेन की बीच-बीच में फूल के छोटे-छोटे फूल बनवा सकते हैं। इस तरह की चेन हर उम्र की लड़कियों पर सूट करेगी।

**मूल्यवान धातुएं**

**स्टर्लिंग सिल्वर विद अमेरिकन डायमंड**

यदि आप भारी और पार्टी-वियर लुक चाहते हैं, तो स्टर्लिंग सिल्वर की चेन जिसमें छोटे-छोटे अमेरिकन डायमंड लगे रहते हैं। गिफ्ट के लिए इस तरह की चेन सबसे बढ़िया है। किसी भी फंक्शन या शादी-विवाह के मौके पर यह चेन बेहद ही परफेक्ट होती है और यह ड्रेसिंग स्टाइल में चार चांद लगा सकती है।

**हार्ट शेप पेंडेंट चेन**

अक्सर छोटी बच्चियों और लड़कियों को हार्ट शेप वाले लॉकेट बेहद आकर्षित करते हैं। ऐसे में आप अपनी बेटी के लिए दिल के आकार का पेंडेंट लगी चेन चुन सकती हैं। खासकर पतली और चमकदार सिल्वर चेन में छोटा सा हार्ट पेंडेंट बहुत ही क्यूट और इनोसेंट लुक देता है। इसकी खास बात यह है कि यह डिजाइन इतना सिंपल और खूबसूरत होता है कि आपकी बेटी इसे रोजमर्रा में, चाहे स्कूल हो या कॉलेज, आसानी से पहन सकती है।

**बीड डिजाइन चेन**

अक्षय तृतीया के दिन अपनी बेटी को चांदी की बीड वाली चेन गिफ्ट कर सकते हैं। इसमें चांदी के छोटे-छोटे गोल मोतियों को एक पतली तार या कनेक्टर के जरिए आपस में जुड़ा होता है। इस तरह की चेन में छोटे-छोटे डॉट्स पूरे डिजाइन में बराबर अंतराल पर लगे होते हैं, जो इसे बेहद स्टाइलिश और मॉडर्न लुक देते हैं। आजकल बाजार में कट-बॉल चेन भी काफी पसंद की जा रही है, जिसमें इन बॉल्स को हल्का सा कट दिया जाता है। यही कट इन्हें रोशनी पड़ने पर हीरे जैसी शानदार चमक प्रदान करता है, जिससे चेन और भी आकर्षक लगती है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682



मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएंः पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170